C.D.S.

Examination-(I1), 2025

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी. बी. सी. : ANFB-S-GKL**

**परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

क्रम संख्या 1155521

# परीक्षण पुस्तिका

# सामान्य ज्ञान

# A

*समय : दो घण्टे* *पूर्णांक : 100*

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर *केवल उत्तर-पत्रक* अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं पर विचार कीजिए :

1. शिमला समझौते पर हस्ताक्षर
2. भारत और पाकिस्तान के बीच आगरा शिखर सम्मेलन
3. प्रथम SAARC शिखर सम्मेलन में SAARC चार्टर पर हस्ताक्षर
4. भारत का प्रथम परमाणु परीक्षण

निम्नलिखित में से उपर्युक्त घटनाओं का सही कालानुक्रम कौन-सा है ?

(a) 1, 3, 4, 2

(b) 4, 1, 3, 2

(c) 1, 4, 3, 2

(d) 4, 1, 2, 3

2. निर्वाचन की 'अग्रणी ही विजेता प्रणाली (First Past the Post System)' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता सही है ?

(a) किसी विजयी प्रत्याशी के लिए यह आवश्यक नहीं है कि उसे कुल मतों का बहुमत मिले

(b) एक निर्वाचन-क्षेत्र से एक से अधिक प्रतिनिधि निर्वाचित हो सकते हैं

(c) मतदाता पार्टी (दल) के लिए मतदान करते हैं, प्रत्याशी के लिए नहीं

(d) प्रत्येक पार्टी (दल) को उसे प्राप्त मतों की प्रतिशतता के अनुपात में विधानमंडल में सीटें (स्थान) मिलती हैं

3. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| *सूची-I (भारत के संविधान में विशेष उपबंध)* | *सूची-II (राज्य)* |
|---|---|
| A. अनुच्छेद 371 | 1. नागालैंड |
| B. अनुच्छेद 371-क | 2. गुजरात |
| C. अनुच्छेद 371-ख | 3. असम |
| D. अनुच्छेद 371-झ | 4. गोवा |

**कूट :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

4. भारत के संविधान के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. संविधान के 106वें संशोधन के द्वारा लोकसभा और राज्यसभा में महिलाओं के लिए स्थानों (सीटों) के आरक्षण के लिए उपबंध किया गया है।
2. राज्यों की विधान सभाओं और विधान परिषदों में महिलाओं के लिए स्थानों (सीटों) के आरक्षण के लिए उपबंध हैं।
3. पंचायतों में महिलाओं के लिए स्थानों (सीटों) के आरक्षण के लिए उपबंध हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) केवल 1

(d) केवल 3

1. Consider the following international events :

1. Signing of the Simla Agreement
2. Agra Summit between India and Pakistan
3. Signing of the SAARC Charter at the First SAARC Summit
4. India's first nuclear test

Which one of the following is the correct chronological order of the above events ?

(a) 1, 3, 4, 2

(b) 4, 1, 3, 2

(c) 1, 4, 3, 2

(d) 4, 1, 2, 3

2. Which one of the following features is correct about the 'First Past the Post System' of election ?

(a) A candidate who wins may not get the majority of votes

(b) More than one representative may be elected from one constituency

(c) Voters vote for the party, not the candidate

(d) Every party gets seats in the legislature in proportion to percentage of votes that it gets

3. Match List-I with List-II and select the answer using the code given below the Lists :

| *List-I* (*Special provision in the Constitution of India*) | *List-II* (*State*) |
|---|---|
| A. Article 371 | 1. Nagaland |
| B. Article 371-A | 2. Gujarat |
| C. Article 371-B | 3. Assam |
| D. Article 371-I | 4. Goa |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

4. Which of the following statements as per the Constitution of India is/are correct ?

1. Provision for the reservation of seats for women in the Lok Sabha and the Rajya Sabha has been made vide $106^{th}$ Amendment of the Constitution.
2. There are provisions for the reservation of seats for women in the Legislative Assemblies and Legislative Councils of the States.
3. There are provisions for the reservation of seats for women in Panchayats.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2

(b) 2 and 3

(c) 1 only

(d) 3 only

5. भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के अंतर्गत विषयों और सूचियों का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) वन : समवर्ती सूची

(b) भूमि और भवन पर कर : राज्य सूची

(c) बीमा : संघ सूची

(d) जनगणना : समवर्ती सूची

6. भारत के संविधान की उद्देशिका के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. 'पंथनिरपेक्ष' शब्द 'समाजवादी' शब्द से पहले आता है।
2. 'न्याय' शब्द 'समता' शब्द से पहले आता है।
3. 'बंधुता' शब्द 'स्वतंत्रता' शब्द के बाद आता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

7. भारत की संसद में 'प्रस्तावों' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) मंत्रिपरिषद् में किसी मंत्री के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव स्वीकार्य हो सकता है।

(b) किसी अविश्वास प्रस्ताव में उन आधारों को अवश्य निर्दिष्ट किया जाना चाहिए जिन पर यह आधारित है।

(c) राज्यसभा को किसी अविश्वास प्रस्ताव पर विचार करने का अधिकार नहीं है।

(d) किसी निंदा प्रस्ताव का विशिष्ट आधारों या आरोपों पर आधारित होना आवश्यक नहीं है।

8. भारत के संविधान का भाग IV-क निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित है ?

(a) लोक सेवा आयोगों के सदस्यों की नियुक्ति

(b) मूल कर्तव्य

(c) लोक सेवा आयोगों के कार्य

(d) राज्य सरकारों के कार्यकरण (functioning) के लिए उपबंध

9. 'डूरंड लाइन' निम्नलिखित में से किन देशों को पृथक करने वाली एक सीमांकन रेखा है ?

(a) अफ़गानिस्तान और ईरान

(b) अफ़गानिस्तान और पाकिस्तान

(c) भारत और पाकिस्तान

(d) अफ़गानिस्तान और चीन

10. निम्नलिखित सामाजिक आंदोलनों पर विचार कीजिए :

1. चिपको आंदोलन
2. बारदोली सत्याग्रह
3. सत्यशोधक समाज

उपर्युक्त सामाजिक आंदोलनों के आरंभ होने का सही कालानुक्रम (सबसे पहले से आरंभ करते हुए) निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) 2, 1, 3

(b) 3, 1, 2

(c) 3, 2, 1

(d) 1, 2, 3

5. Which one among the following pairs of Subjects and Lists under the Seventh Schedule of the Constitution of India is ***not*** correctly matched ?

(a) Forest : Concurrent List

(b) Taxes on land and building : State List

(c) Insurance : Union List

(d) Census : Concurrent List

6. Which of the following statements with reference to the Preamble to the Constitution of India are correct ?

1. The word 'secular' comes before the word 'socialist'.
2. The word 'justice' comes before the word 'equality'.
3. The word 'fraternity' comes after the word 'liberty'.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

7. Which one of the following statements about 'Motions' in the Parliament of India is correct ?

(a) A Motion of No-Confidence can be admissible against an individual minister in the Council of Ministers.

(b) A No-Confidence Motion must set out grounds on which it is based.

(c) Rajya Sabha is not empowered to entertain a motion of No-Confidence.

(d) A Censure Motion need not be based on specific grounds or charges.

8. Part IV-A of the Constitution of India deals with which one of the following areas ?

(a) Appointment of Members to Public Service Commissions

(b) Fundamental Duties

(c) Functions of Public Service Commissions

(d) Provisions for the functioning of the State Governments

9. The 'Durand Line' is a border demarcation that separates which of the following countries ?

(a) Afghanistan and Iran

(b) Afghanistan and Pakistan

(c) India and Pakistan

(d) Afghanistan and China

10. Consider the following social movements :

1. Chipko Movement
2. Bardoli Satyagraha
3. Satyashodhak Samaj

Which one of the following is the correct chronological order (starting with the earliest) of the launch of the above social movements ?

(a) 2, 1, 3

(b) 3, 1, 2

(c) 3, 2, 1

(d) 1, 2, 3

11. ताशकंद समझौते के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) यह भारत और सोवियत संघ के बीच एक समझौता था।

(b) यह भारत और पाकिस्तान के बीच एक समझौता था।

(c) यह एक समझौता था जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश बना था।

(d) यह भारत और मंगोलिया के बीच एक समझौता था।

12. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध ***नहीं*** है ?

(a) मणिपुरी

(b) गोंडी

(c) नेपाली

(d) डोगरी

13. निम्नलिखित में से किसे प्राचीन भारतीय *स्मृति* साहित्य का भाग समझा जा सकता है ?

1. पुराण
2. रामायण
3. कल्प-सूत्र
4. वेद

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 3 और 4

(c) केवल 1 और 2

(d) 1, 2, 3 और 4

14. निम्नलिखित में से कौन भारत की प्रथम महिला मुख्यमंत्री थीं ?

(a) सरोजिनी नायडू

(b) सुचेता कृपलानी

(c) विजय लक्ष्मी पंडित

(d) हंसा मेहता

15. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. सी. राजगोपालाचारी भारत रत्न से सम्मानित होने वाले पहले व्यक्ति थे।
2. पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने 'एकात्म मानववाद' की अवधारणा का प्रवर्तन किया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

16. निम्नलिखित में से संस्थान और उनकी अवस्थिति (location) का/के कौन-सा/कौन-से युग्म सही सुमेलित है/हैं ?

1. भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान : शिमला
2. भारतीय लोक प्रशासन संस्थान : नई दिल्ली
3. सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान : नैनीताल

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) केवल 1

(d) केवल 2

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. एरोक सिम (Erok Sim) मुख्यतः संथाल समुदाय द्वारा मनाए जाने वाला त्योहार है।
2. सांगकेन (Sangken) अरुणाचल प्रदेश में मनाया जाने वाला एक बौद्ध त्योहार है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

11. Which one of the following statements about the Tashkent Agreement is correct ?

(a) It was an agreement between India and the Soviet Union.

(b) It was an agreement between India and Pakistan.

(c) It was an agreement that led to the formation of Bangladesh.

(d) It was an agreement between India and Mongolia.

12. Which among the following is ***not*** a language listed in the Eighth Schedule of the Constitution of India ?

(a) Manipuri

(b) Gondi

(c) Nepali

(d) Dogri

13. Which of the following can be considered a part of the ancient Indian *Smriti* Literature ?

1. Puranas
2. Ramayana
3. Kalpa-Sutra
4. Vedas

Select the answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3 only

(b) 3 and 4 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1, 2, 3 and 4

14. Who among the following was India's first Woman Chief Minister ?

(a) Sarojini Naidu

(b) Sucheta Kripalani

(c) Vijaya Lakshmi Pandit

(d) Hansa Mehta

15. Which of the following statements is/are correct ?

1. C. Rajagopalachari was the first recipient of the Bharat Ratna.
2. Pandit Deen Dayal Upadhyaya initiated the concept of 'Integral Humanism'.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

16. Which of the following pairs of Institute and their location is/are correctly matched ?

1. Indian Institute of Advanced Study : Shimla
2. Indian Institue of Public Administration : New Delhi
3. Sushma Swaraj Institute of Foreign Service : Nainital

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2

(b) 2 and 3

(c) 1 only

(d) 2 only

17. Consider the following statements :

1. Erok Sim is a festival mainly celebrated by the Santhal community.
2. Sangken is a Buddhist festival celebrated in Arunachal Pradesh.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

18. 'मैत्री' भारत और किस देश के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है ?

(a) बांग्लादेश

(b) थाईलैंड

(c) मलेशिया

(d) श्रीलंका

19. भारत में राज्यों को विशेष श्रेणी का दर्जा (Special Category Status) प्रदान करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-से मानदंड विनिर्दिष्ट किए गए हैं ?

1. पर्वतीय और कठिन क्षेत्र
2. आर्थिक और अवसंरचनात्मक पिछड़ापन
3. सामरिक तटीय क्षेत्र
4. जनजातीय जनसंख्या का बहुत बड़ा हिस्सा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3 और 4

(c) केवल 1, 2 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

20. निम्नलिखित में से काँग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का संस्थापक कौन है ?

(a) आचार्य नरेंद्र देव

(b) जवाहरलाल नेहरू

(c) मोतीलाल नेहरू

(d) अशोक मेहता

21. किसी चुंबकीय क्षेत्र में किसी कुंडली के घूर्णन के कारण इसमें प्रेरित होने वाली धारा की दिशा निर्धारित करने का नियम कौन-सा है ?

(a) दक्षिण-हस्त अंगुष्ठ नियम

(b) फ्लेमिंग का वामहस्त नियम

(c) फ्लेमिंग का दक्षिण-हस्त नियम

(d) हुंड का नियम

22. एक कार कुल दूरी L तय करती है । यह आधी दूरी $v_1$ चाल (speed) से और अन्य आधी दूरी $v_2$ चाल से तय करती है । कार की औसत चाल क्या है ?

(a) $\frac{v_1 + v_2}{2}$

(b) $\frac{2v_1v_2}{v_1 + v_2}$

(c) $\frac{(v_1 + v_2)L}{2v_1v_2}$

(d) 0

23. किसी कण का रेखीय संवेग संरक्षित रहता है यदि :

(a) उस पर नेट बल अधिकतम है ।

(b) उस पर नेट बल शून्य है ।

(c) उस पर नेट बल-आघूर्ण शून्य है ।

(d) उस पर किया गया नेट कार्य अधिकतम है ।

24. जब एक पत्थर को किसी धागे से बाँधकर वृत्ताकार घुमाया जाता है, तो धागे द्वारा उस पर किया गया कार्य :

(a) धनात्मक है ।

(b) ऋणात्मक है ।

(c) शून्य है ।

(d) पत्थर के द्रव्यमान पर निर्भर करता है ।

25. मान लीजिए 'A', 'x' मिनट में 500 J कार्य करता है और 'B', 20 मिनट में 1000 J कार्य करता है । यदि 'A' द्वारा आरोपित शक्ति $P_1$ है और 'B' द्वारा आरोपित शक्ति $P_2$ है तथा $P_1 = 2P_2$ है, तो 'x' का मान मिनट में क्या है ?

(a) 10

(b) 5

(c) 20

(d) 25

**18.** 'Maitree' is a Joint Military Exercise between India and :

(a) Bangladesh

(b) Thailand

(c) Malaysia

(d) Sri Lanka

**19.** Which of the following criteria are specified for granting Special Category Status to States in India ?

1. Hilly and difficult terrain
2. Economic and infrastructural backwardness
3. Strategic coastal zone
4. Sizeable share of tribal population

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 3 and 4 only

(c) 1, 2 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**20.** Who among the following is the founder of the Congress Socialist Party ?

(a) Acharya Narendra Dev

(b) Jawaharlal Nehru

(c) Motilal Nehru

(d) Asoka Mehta

**21.** The rule to determine the direction of a current induced in a coil due to its rotation in a magnetic field is :

(a) Right-Hand Thumb Rule.

(b) Fleming's Left-Hand Rule.

(c) Fleming's Right-Hand Rule.

(d) Hund's Rule.

**22.** A car travels a total distance L. It travels half the distance with speed $v_1$ and the other half with speed $v_2$. The average speed of the car is :

(a) $\frac{v_1 + v_2}{2}$

(b) $\frac{2v_1v_2}{v_1 + v_2}$

(c) $\frac{(v_1 + v_2)L}{2v_1v_2}$

(d) 0

**23.** The linear momentum of a particle is conserved if :

(a) the net force on it is maximum.

(b) the net force on it is zero.

(c) the net torque on it is zero.

(d) the net work done on it is maximum.

**24.** When a stone tied to a string is whirled in a circle, the work done on it by the string :

(a) is positive.

(b) is negative.

(c) is zero.

(d) depends on the mass of the stone.

**25.** Assume 'A' does 500 J of work in 'x' minutes and 'B' does 1000 J of work in 20 minutes. If the power delivered by 'A' is $P_1$ and 'B' is $P_2$ and $P_1 = 2P_2$, then 'x', in minutes is :

(a) 10

(b) 5

(c) 20

(d) 25

26. 330 m/s की चाल (speed) से गमन करने वाली कोई ध्वनि तरंग 0·1 सेकंड में 20 शिखर (crest) और 20 गर्त (trough) उत्पन्न करती है। ध्वनि तरंग का तरंगदैर्घ्य है :

(a) 1·1 m
(b) 3·3 m
(c) 1·65 m
(d) 2·2 m

27. किसी X-किरण को विक्षेपित किया जा सकता है :

(a) किसी चुंबकीय क्षेत्र द्वारा।
(b) किसी विद्युत-क्षेत्र द्वारा।
(c) विद्युत और चुंबकीय क्षेत्र दोनों के द्वारा।
(d) न तो विद्युत-क्षेत्र द्वारा, न ही चुंबकीय क्षेत्र द्वारा।

28. किसी सामान्य खगोलीय दूरबीन (astronomical telescope) में, उपयोग किए गए अभिदृश्यक (objective) और नेत्रिका (eyepiece) क्रमश: :

(a) एक अभिसारी लेन्स और एक अपसारी लेन्स हैं।
(b) एक अपसारी लेन्स और एक अपसारी लेन्स हैं।
(c) एक अपसारी लेन्स और एक अभिसारी लेन्स हैं।
(d) एक अभिसारी लेन्स और एक अभिसारी लेन्स हैं।

29. किसी तारे के टिमटिमाने (twinkling) का कारण क्या है ?

(a) प्रकाश का व्यतिकरण
(b) प्रकाश का अपवर्तन
(c) प्रकाश का ध्रुवण
(d) प्रकाश का विवर्तन

30. वान्डे ग्राफ़ जनित्र (Van de Graaff Generator) क्या उत्पन्न करता है ?

(a) स्थिरवैद्युत आवेश
(b) चुंबकीय क्षेत्र
(c) उच्च वोल्टता निम्न प्रत्यावर्ती धारा
(d) उच्च वोल्टता निम्न दिष्ट धारा

31. निम्नलिखित में से कौन-सी धातु को इसके गलित यौगिक (molten compound) के विद्युत-अपघटन द्वारा व्यापक रूप से निष्कर्षित किया जाता है ?

(a) Cu
(b) Au
(c) Sn
(d) Na

32. निम्नलिखित में से कौन-सा 'ग्रैफीन (Graphene)' का गुणधर्म ***नहीं*** है ?

(a) यह अभी तक ज्ञात सबसे पतला पदार्थ (thinnest material) है।
(b) यह लगभग पूर्ण रूप से पारदर्शी है।
(c) इसकी चालकता उच्च है।
(d) यह एक विस्तृत बैंड-अंतराल अर्धचालक (wide band-gap semiconductor) है।

33. प्लास्टिक सरलता से निम्नीकृत (degrade) क्यों ***नहीं*** होते हैं ?

(a) उनमें प्रबल आयनिक आबंध होते हैं।
(b) उनमें प्रबल सहसंयोजी आबंध होते हैं।
(c) उनमें प्रबल धात्विक आबंध होते हैं।
(d) इनका गलनांक अत्यधिक उच्च होता है (> 500°C)।

34. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्बोक्सिलिक अम्ल का सही रासायनिक सूत्र है ?

(a) $C_3H_7OH$
(b) $C_3H_8$
(c) $C_2H_5COOH$
(d) $CH_3COCH_3$

26. A sound wave travelling at a speed of 330 m/s produces 20 crests and 20 troughs in 0·1 second. The wavelength of the sound wave is :

(a) 1·1 m

(b) 3·3 m

(c) 1·65 m

(d) 2·2 m

27. An X-ray can be deflected :

(a) by a magnetic field.

(b) by an electric field.

(c) by both electric and magnetic field.

(d) neither by electric field nor by magnetic field.

28. In a simple astronomical telescope, the objective and the eyepiece used respectively, are :

(a) a convergent lens and a divergent lens.

(b) a divergent lens and a divergent lens.

(c) a divergent lens and a convergent lens.

(d) a convergent lens and a convergent lens.

29. Twinkling of a star is due to :

(a) Interference of light

(b) Refraction of light

(c) Polarization of light

(d) Diffraction of light

30. Van de Graaff generator generates :

(a) electrostatic charge

(b) magnetic field

(c) high voltage low alternating current

(d) high voltage low direct current

31. Which one of the following metals is widely extracted by the electrolysis of its molten compound ?

(a) Cu

(b) Au

(c) Sn

(d) Na

32. Which one of the following is ***not*** a property of 'graphene' ?

(a) It is the thinnest material known so far.

(b) It is almost completely transparent.

(c) It is highly conducting.

(d) It is a wide band-gap semiconductor.

33. Why do plastics ***not*** degrade easily ?

(a) They have strong ionic bonds.

(b) They have strong covalent bonds.

(c) They have strong metallic bonds.

(d) They have very high melting points (> 500°C).

34. Which one of the following is the correct chemical formula of carboxylic acid ?

(a) $C_3H_7OH$

(b) $C_3H_8$

(c) $C_2H_5COOH$

(d) $CH_3COCH_3$

35. बेंज़ीन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) प्रत्येक कार्बन परमाणु दो अन्य कार्बन परमाणुओं के साथ 120° के आबंध कोण (bond angle) युक्त सिग्मा आबंध बनाता है।

(b) विस्थानीकृत इलेक्ट्रॉन (delocalized electrons) तल (plane) के ऊपर और नीचे इलेक्ट्रॉनों का एक सममित 'क्लाउड (cloud)' बनाते हैं।

(c) C – C आबंधों की लंबाई एकल और द्वि-आबंधों के बीच मध्यम (intermediate) होती है।

(d) इसके छह समावयवी (isomers) हैं।

36. निम्नलिखित में से कौन-सा नाइट्रोजन उर्वरक ***नहीं*** है ?

(a) $(NH_4)_2SO_4$

(b) $NH_4NO_3$

(c) $N_2$

(d) $(NH_2)_2CO$

37. निम्नलिखित में से कौन-सा सामान्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास एक संक्रमण धातु तत्त्व (transition metal element) को सही रूप से निरूपित करता है ?

(a) $(n-2)\,d^{1-10}\,ns^2$

(b) $(n-2)\,f^{1-14}\,(n-1)\,d^{0-1}\,ns^2$

(c) $ns^2\,np^6\,nd^{1-10}$

(d) $(n-1)\,d^{1-10}\,ns^{0-2}$

38. परिवर्ती ऑक्सीकरण अंक (variable oxidation numbers) किसके लिए संभव हैं ?

(a) सोडियम

(b) कैल्सियम

(c) लोह

(d) लीथियम

39. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस सड़े हुए अंडे जैसी गंध देती है ?

(a) अमोनिया

(b) हाइड्रोजन सल्फाइड

(c) ऐसीटिलीन

(d) सल्फर डाइऑक्साइड

40. रासायनिक अभिक्रिया

$$\underset{\text{(जलीय)}}{K_2SO_4} + \underset{\text{(जलीय)}}{BaCl_2} \longrightarrow \underset{\text{(जलीय)}}{2KCl} + \underset{\text{(ठोस)}}{BaSO_4\downarrow}$$

किसका उदाहरण है ?

(a) योगज अभिक्रिया

(b) विस्थापन अभिक्रिया

(c) वियोजन अभिक्रिया

(d) द्विविस्थापन अभिक्रिया

41. प्राणियों के वर्गीकरण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी सही स्कीम है ?

(a) वर्ग → संघ → गण → वंश → कुल → जाति

(b) संघ → वर्ग → कुल → वंश → गण → जाति

(c) गण → वर्ग → संघ → कुल → जाति → वंश

(d) संघ → वर्ग → गण → कुल → वंश → जाति

42. निम्नलिखित में से वायुजनित रोग का उदाहरण कौन-सा है ?

(a) यक्ष्मा

(b) मलेरिया

(c) डेंगू

(d) हैजा

35. Which one of the following statements is ***not*** correct for benzene ?

(a) Each carbon atom forms sigma bonds with two other carbon atoms with a bond angle of 120°.

(b) Delocalized electrons create a symmetrical 'cloud' of electrons above and below the plane.

(c) The length of C – C bonds is intermediate between single and double bonds.

(d) It has six isomers.

36. Which one of the following is ***not*** a nitrogen fertilizer ?

(a) $(NH_4)_2SO_4$

(b) $NH_4NO_3$

(c) $N_2$

(d) $(NH_2)_2CO$

37. Which one of the following general electronic configurations correctly represent a transition metal element ?

(a) $(n-2)\ d^{1-10}\ ns^2$

(b) $(n-2)\ f^{1-14}\ (n-1)\ d^{0-1}\ ns^2$

(c) $ns^2\ np^6\ nd^{1-10}$

(d) $(n-1)\ d^{1-10}\ ns^{0-2}$

38. Variable oxidation numbers are possible for :

(a) Sodium

(b) Calcium

(c) Iron

(d) Lithium

39. Which one of the following gas smells like a rotten egg ?

(a) Ammonia

(b) Hydrogen sulphide

(c) Acetylene

(d) Sulphur dioxide

40. The chemical reaction

$$\underset{(aq.)}{K_2SO_4} + \underset{(aq.)}{BaCl_2} \longrightarrow \underset{(aq.)}{2KCl} + \underset{(solid)}{BaSO_4\downarrow}$$

is an example of :

(a) Addition reaction

(b) Displacement reaction

(c) Decomposition reaction

(d) Double displacement reaction

41. Which one among the following is the correct scheme followed for classification of animals ?

(a) Class → Phylum → Order → Genus → Family → Species

(b) Phylum → Class → Family → Genus → Order → Species

(c) Order → Class → Phylum → Family → Species → Genus

(d) Phylum → Class → Order → Family → Genus → Species

42. Which one of the following is an example of airborne disease ?

(a) Tuberculosis

(b) Malaria

(c) Dengue

(d) Cholera

**43.** ABO रक्त समूह प्रकार में से कौन-से चार मानव रक्त प्रकार हैं ?

(a) AO, BO, A और B

(b) A, B, AB और O

(c) A, AB, BO और O

(d) AB, AO, B और O

**44.** निम्नलिखित में से कौन-सा, मानव में पुरुष जनन तंत्र का भाग ***नहीं*** है ?

(a) पुरस्थ (प्रोस्टेट) ग्रंथि

(b) वृषण

(c) गर्भाशय-ग्रीवा

(d) वृषणकोष

**45.** निम्नलिखित में से मानव मस्तिष्क (human brain) के विभिन्न भाग कौन-से हैं ?

(a) अग्रभाग (Forefront) मस्तिष्क, मानक (Standard) मस्तिष्क और पश्च (Hind) मस्तिष्क

(b) अग्र (Fore) मस्तिष्क, माध्यिका (Median) मस्तिष्क और पिछला (Rear) मस्तिष्क

(c) अग्र (Fore) मस्तिष्क, मध्य (Mid) मस्तिष्क और पश्च (Hind) मस्तिष्क

(d) पूर्वगामी (Precursor) मस्तिष्क, माध्य (Mean) मस्तिष्क और पश्च (Hind) मस्तिष्क

**46.** मनुष्य के दाँतों का दंतवल्क (इनेमल) किससे बना होता है ?

(a) कैल्सियम फ़ॉस्फ़ेट

(b) सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट

(c) सोडियम हाइड्रॉक्साइड

(d) लैक्टिक अम्ल

**47.** मानव के क्षुद्रांत्र के आंतरिक आस्तर पर अनेक अंगुली जैसे प्रवर्ध होते हैं, जिन्हें कहते हैं :

(a) अवरोधिनी

(b) दीर्घरोम

(c) एंज़ाइम

(d) प्लाक

**48.** निम्नलिखित में से कौन-से डाइसैकेराइड को दर्शाते हैं ?

(a) स्टार्च और ग्लाइकोजन

(b) ग्लूकोस और गैलेक्टोस

(c) माल्टोस और लैक्टोस

(d) राइबोस और ज़ाइलोस

**49.** किसी प्रोकैरियोटिक कोशिका में निम्नलिखित में से कौन-सा कोशिकांग देखा जा सकता है ?

(a) सूत्रकणिका (Mitochondria)

(b) निश्चित नाभिक (Definitive nucleus)

(c) राइबोसोम (Ribosomes)

(d) गॉल्जी काय (Golgi bodies)

**50.** 7 से कम pH मान वाला विलयन होता है :

(a) उदासीन विलयन

(b) क्षारीय विलयन

(c) अम्लीय विलयन

(d) अल्पपरासारी विलयन

**43.** What are the four human blood types in ABO blood group typing ?

(a) AO, BO, A and B

(b) A, B, AB and O

(c) A, AB, BO and O

(d) AB, AO, B and O

**44.** Which one of the following is ***not*** a part of the male reproductive system in human beings ?

(a) Prostate gland

(b) Testis

(c) Cervix

(d) Scrotum

**45.** Which of the following are the different parts of a human brain ?

(a) Forefront brain, Standard brain and Hind brain

(b) Fore brain, Median brain and Rear brain

(c) Fore brain, Mid brain and Hind brain

(d) Precursor brain, Mean brain and Hind brain

**46.** Tooth enamel of humans is made up of :

(a) Calcium phosphate

(b) Sodium hydrogen carbonate

(c) Sodium hydroxide

(d) Lactic acid

**47.** The inner lining of the human small intestine has numerous finger-like projections called :

(a) Sphincter

(b) Villi

(c) Enzymes

(d) Plaques

**48.** Which of the following represent disaccharides ?

(a) Starch and glycogen

(b) Glucose and galactose

(c) Maltose and lactose

(d) Ribose and xylose

**49.** Which one of the following organelles can be seen in a prokaryotic cell ?

(a) Mitochondria

(b) Definitive nucleus

(c) Ribosomes

(d) Golgi bodies

**50.** A solution with a pH value less than 7 is a/an :

(a) Neutral solution

(b) Basic solution

(c) Acidic solution

(d) Hypotonic solution

51. स्थायी बंदोबस्त (Permanent Settlement) के समय बंगाल के ग्रामीण क्षेत्रों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ज़मींदारों की सैन्य-टुकड़ियों को भंग कर दिया गया था।
2. गाँवों में, *जोतदारों* की शक्ति ज़मींदारों की शक्ति की तुलना में अधिक प्रभावशाली होती थी।
3. ईस्ट इंडिया कंपनी ने नियम बनाया कि महिलाओं की संपत्ति को छीना नहीं जाएगा।
4. *बरगादारों* के स्वामित्व वाली भूमि पर *अधियार* बटाईदार थे।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) 1, 2 और 4
(b) 1, 2 और 3
(c) 2, 3 और 4
(d) केवल 1 और 3

52. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| *सूची-I (जर्नल/समाचार-पत्र/ पैम्फलेट)* | *सूची-II (संस्थापक/संपादक/ लेखक)* |
|---|---|
| A. कुडी अरासु | 1. अरोबिंदो घोष |
| B. किसान बुलेटिन | 2. फिरोज़शाह मेहता |
| C. बॉम्बे क्रॉनिकल | 3. इंदुलाल याग्निक |
| D. भवानी मंदिर | 4. ई.वी. रामास्वामी नायकर |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

53. ग़दर आंदोलन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. ग़दर आंदोलन 1913 में सैन फ्रांसिस्को में आरंभ हुआ।
2. इस आंदोलन के संस्थापक सोहन सिंह भाकना थे।
3. ग़दर आंदोलन का नाम अनेक भारतीय भाषाओं में प्रकाशित होने वाले साप्ताहिक ग़दर से लिया गया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

54. प्रारंभ से शुरू करते हुए, निम्नलिखित राजनीतिक एसोसिएशनों के गठन को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. पूना सार्वजनिक सभा
2. इंडियन एसोसिएशन
3. मद्रास महाजन सभा
4. बॉम्बे प्रेसीडेंसी एसोसिएशन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2, 3, 4
(b) 4, 3, 2, 1
(c) 1, 2, 4, 3
(d) 3, 4, 1, 2

55. राजस्थान के कालीबंगा में मिले जोते हुए खेत का साक्ष्य निम्नलिखित में से किस काल का है ?

(a) प्रारंभिक हड़प्पा
(b) परिपक्व हड़प्पा
(c) उत्तर हड़प्पा
(d) ताम्रपाषाणकालीन

**51.** Consider the following statements about the Bengal countryside at the time of the Permanent Settlement :

1. The zamindars' troops were disbanded.
2. Within the villages, the power of *jotedars* was more effective than that of zamindars.
3. The East India Company made a rule that the property of women would not be taken over.
4. *Adhiyars* were sharecroppers on the land owned by *bargadars*.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2 and 4
(b) 1, 2 and 3
(c) 2, 3 and 4
(d) 1 and 3 only

**52.** Match List-I with List-II and select the answer using the code given below the Lists :

| *List-I (Journal / Newspaper / Pamphlet)* | *List-II (Founder / Editor / Author)* |
|---|---|
| A. Kudi Arasu | 1. Aurobindo Ghosh |
| B. Kisan Bulletin | 2. Pherozeshah Mehta |
| C. Bombay Chronicle | 3. Indulal Yagnik |
| D. Bhawani Mandir | 4. E.V. Ramaswami Naicker |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**53.** Which of the following statements about the Ghadar Movement is/are correct ?

1. The Ghadar Movement began in 1913 in San Francisco.
2. The movement was founded by Sohan Singh Bhakna.
3. The Ghadar Movement took its name from the weekly Ghadar brought out in several Indian languages.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

**54.** Chronologically arrange the formation of the following political associations, beginning from the earliest :

1. Poona Sarvajanik Sabha
2. Indian Association
3. Madras Mahajan Sabha
4. Bombay Presidency Association

Select the answer using the code given below :

(a) 1, 2, 3, 4
(b) 4, 3, 2, 1
(c) 1, 2, 4, 3
(d) 3, 4, 1, 2

**55.** Which one of the following periods has provided the evidence of a ploughed field at Kalibangan in Rajasthan ?

(a) Early Harappan
(b) Mature Harappan
(c) Late Harappan
(d) Chalcolithic

56. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए :

1. पाकिस्तान के लिए मुस्लिम लीग का संकल्प
2. गाँधी-इरविन समझौता
3. दांडी यात्रा
4. दूसरा गोलमेज़ सम्मेलन

दी गई घटनाओं का सही कालानुक्रम (सबसे पहले से लेकर नवीनतम तक) निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) 2, 3, 1, 4

(b) 3, 2, 4, 1

(c) 3, 4, 2, 1

(d) 2, 3, 4, 1

57. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| *(ऐतिहासिक स्थान)* | | *(जिसके लिए प्रसिद्ध है)* |
|---|---|---|
| I. गिरनार | : | सुदर्शन झील |
| II. चोलिस्तान | : | हल (Plough) का टेराकोटा मॉडल |
| III. मांट (मथुरा के समीप) | : | कनिष्क की सिरविहीन खड़ी मूर्ति |
| IV. सन्नति | : | ओडिशा में अशोक स्तंभ शिलालेख |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित है/हैं ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

58. "*अमर-नायक प्रणाली*" के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) यह विजयनगर साम्राज्य की एक प्रमुख राजनीतिक खोज (political innovation) थी।

(b) वे सैनिक कमांडर थे, जिन्हें प्रशासन के लिए और क्षेत्र के किसानों, शिल्पकारों और व्यापारियों से भू-राजस्व और अन्य करों की वसूली के लिए राज्य-क्षेत्र दिए जाते थे।

(c) वे राजस्व का कुछ भाग व्यक्तिगत उपयोग तथा घोड़ों और हाथियों के निर्धारित दल (stipulated contingent) के रख-रखाव के लिए अपने पास रख लेते थे।

(d) उन्हें मंदिरों के रख-रखाव के लिए राजस्व के अपने हिस्से का उपयोग करने की अनुमति नहीं थी।

59. लोकप्रिय कविता "*खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी*" (Like a man she fought, she was the Rani of Jhansi) किसके द्वारा लिखी गई ?

(a) महादेवी वर्मा

(b) सुभद्रा कुमारी चौहान

(c) अमृता प्रीतम

(d) बालमणि अम्मा

60. एलोरा के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह ऐतिहासिक कला स्थल विशिष्ट रूप से बौद्ध धर्म (Buddhism) से संबद्ध है।
2. एलोरा स्थित कैलाश मंदिर पत्थर के चौके (dressed stone) और भट्टे में पकी ईंटों से बनाया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**56.** Consider the following events :

1. Muslim League Resolution for Pakistan
2. Gandhi-Irwin Pact
3. Dandi March
4. Second Round Table Conference

Which one of the following is the correct chronological order of the given events (earliest to latest) ?

(a) 2, 3, 1, 4

(b) 3, 2, 4, 1

(c) 3, 4, 2, 1

(d) 2, 3, 4, 1

**57.** Consider the following pairs :

| *(Historical Place)* | | *(Well-known for)* |
|---|---|---|
| I. Girnar | : | Sudarshana Lake |
| II. Cholistan | : | Terracotta model of Plough |
| III. Mant (near Mathura) | : | Headless standing figure of Kanishka |
| IV. Sannati | : | Asokan Pillar Edict in Odisha |

How many pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

**58.** With reference to the *"Amara-Nayaka system"*, which one of the following statements is ***not*** correct ?

(a) It was a major political innovation of the Vijayanagara Empire.

(b) They were military commanders, who were given territories to govern and collect taxes and other dues from peasants, craftspersons and traders in the area.

(c) They retained part of the revenue for personal use and to maintain a stipulated contingent of horses and elephants.

(d) They were not allowed to use their share of revenue for the maintenance of temples.

**59.** The popular poem *"Khoob ladi mardani woh to Jhansi wali rani thi"* (Like a man she fought, she was the Rani of Jhansi) was written by :

(a) Mahadevi Varma

(b) Subhadra Kumari Chauhan

(c) Amrita Pritam

(d) Balamani Amma

**60.** Consider the following statements about Ellora :

1. This art-historical site is associated exclusively with Buddhism.
2. The Kailasa temple at Ellora has been built of dressed stone and kiln fired bricks.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**61.** निम्नलिखित में से किस राज्य में गुंटुपल्ली बौद्ध गुफाएँ स्थित हैं ?

(a) आंध्र प्रदेश

(b) कर्नाटक

(c) तमिलनाडु

(d) केरल

**62.** अजंता गुफा चित्रकारी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इनमें *यक्षों*, *गंधर्वों* और *अप्सराओं* को चित्रित किया गया है।

2. कलाकारों ने "बहु परिदृश्य" प्रदान करने की तकनीक का उपयोग किया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**63.** "*नील दर्पण*" नाटक का अंग्रेज़ी में अनुवाद किसके द्वारा किया गया, जिसमें नील उत्पादकों पर अत्याचारों का चित्रण किया गया है ?

(a) दीनबंधु मित्र

(b) माइकल मधुसूदन दत्त

(c) जेम्स लाँग

(d) जेम्स सी. स्कॉट

**64.** 1857 की क्रांति के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. शाह मल ने उत्तर प्रदेश के बड़ौत क्षेत्र के लोगों को संघटित किया और एक अंग्रेज़ के बंगले पर कब्ज़ा करके उसे "*न्याय भवन*" में बदल दिया।

2. गोनू छोटानागपुर के सिंहभूम क्षेत्र के कोल नेता थे।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**65.** निम्नलिखित में से किस पुस्तक में मातृ-देवी के तीन चित्रों : "माँ जैसी वह थी", "माँ जैसी वह है" और "माँ जैसी वह होगी" को चित्रित किया गया है ?

(a) दुर्गेशनंदिनी

(b) कपालकुंडला

(c) आनंदमठ

(d) देवी चौधरानी

**66.** आधुनिक भारत में सफल महिलाओं के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. पंडिता रमाबाई ने एक पुस्तक प्रकाशित की *"अ कम्पैरिज़न बिटवीन विमेन एण्ड मेन"* जहाँ उन्होंने इस औपनिवेशिक दृष्टिकोण का विरोध किया कि पुरुषों को परिवर्तन के सभी अधिकार, अवसर और लाभ प्राप्त हैं।

2. ताराबाई शिंदे ने ग्रामीण भारत में शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य किया।

3. सरोजिनी नायडू ने महिला मताधिकार की माँग करने हेतु लंदन के लिए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) कोई नहीं

61. In which one of the following states are the Guntupalle Buddhist Caves located ?

(a) Andhra Pradesh

(b) Karnataka

(c) Tamil Nadu

(d) Kerala

62. Consider the following statements about Ajanta Cave paintings :

1. The paintings depict *yakshas, gandharvas* and *apsaras*.

2. The artists have used the technique of providing "multiple perspectives".

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

63. *"Neel Darpan"*, a play that depicted the atrocities on the indigo planters, was translated into English by :

(a) Dinabandhu Mitra

(b) Michael Madhusudan Dutta

(c) James Long

(d) James C. Scott

64. With reference to the Revolt of 1857, consider the following statements :

1. Shah Mal mobilised the people of Baraut region of Uttar Pradesh and captured the bungalow of an Englishman and converted it into a *"hall of justice"*.

2. Gonoo was a Kol leader of the Singhbhum region of Chotanagpur.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

65. Which of the following books portrays three images of the Mother Goddess : "Mother as she was", "Mother as she is" and "Mother as she will be" ?

(a) Durgeshnandini

(b) Kapalkundala

(c) Anandamath

(d) Devi Chaudhurani

66. With reference to the women achievers in modern India, consider the following statements :

1. Pandita Ramabai published a book *"A Comparison Between Women and Men"* where she protested against the colonial view that men enjoyed all the rights, opportunities and benefits of change.

2. Tarabai Shinde worked in the field of medicine to reduce child mortality in rural India.

3. Sarojini Naidu led a delegation to London to demand for female franchise.

How many of the statements given above is/are correct ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) None

67. नमक सत्याग्रह के लिए विख्यात सानिकट्टा साल्ट वर्क्स कहाँ स्थित है ?

(a) गुजरात

(b) तमिलनाडु

(c) केरल

(d) कर्नाटक

68. कालाराम मंदिर, जो बीसवीं सदी के आरंभ में मंदिर प्रवेश आंदोलनों के लिए जाना जाता है, भारत के किस राज्य में स्थित है ?

(a) महाराष्ट्र

(b) केरल

(c) तमिलनाडु

(d) गुजरात

69. मातंगिनी हाज़रा और लक्ष्मण नायक ने अपने प्राणों का बलिदान दिया :

(a) बारदोली सत्याग्रह में

(b) असहयोग आंदोलन में

(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन में

(d) भारत छोड़ो आंदोलन में

70. भारत के इतिहास के संदर्भ में, "*कोपेकी (kopeki)*" शब्द किससे संबद्ध है ?

(a) कपड़े

(b) सिक्के

(c) भूमि माप

(d) दक्षिण भारत में एक प्रकार का खेल

71. निम्नलिखित में से फर्म का प्रकार और विशेषता का कौन-सा युग्म सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) अल्पाधिकार फर्म : निर्णय लेने में परस्पर निर्भरता

(b) एकाधिकारी फर्म : फर्म मूल्य निर्धारक है

(c) एकाधिकार फर्म : एक दक्ष स्तर के उत्पाद का उत्पादन करता है

(d) पूर्ण प्रतिस्पर्धी फर्म : सामाजिक रूप से इष्टतम उत्पादन करता है

72. केंद्रीय बजट 2025 में किसके लिए FDI की क्षेत्रीय सीमा (sectoral cap) को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया गया ?

(a) दूरसंचार क्षेत्र

(b) विद्युत क्षेत्र

(c) रक्षा क्षेत्र

(d) बीमा क्षेत्र

73. किसी उत्पाद की अंकित कीमत (sticker price) को यथावत् बनाए रखते हुए उसके आकार को कम करने की पद्धति को क्या कहा जाता है ?

(a) संकुचन मुद्रास्फीति (Shrinkflation)

(b) पुनर्मुद्रास्फीति (Reflation)

(c) अवमुद्रास्फीति (Disinflation)

(d) अपस्फीति (Deflation)

67. The Sanikatta Salt Works, known for Salt Satyagraha, is located in :

(a) Gujarat

(b) Tamil Nadu

(c) Kerala

(d) Karnataka

68. The Kalaram temple, known for temple entry movements in the early twentieth century, is located in which state of India ?

(a) Maharashtra

(b) Kerala

(c) Tamil Nadu

(d) Gujarat

69. Matangini Hazra and Lakshman Naik sacrificed their lives in :

(a) Bardoli Satyagraha

(b) Non-Cooperation Movement

(c) Civil Disobedience Movement

(d) Quit India Movement

70. With reference to the history of India, the word *"kopeki"* is associated with :

(a) Clothes

(b) Coins

(c) Land measurement

(d) A type of sport in South India

71. Which one among the following pairs of type of firm and feature is ***not*** correctly matched ?

(a) Oligopoly firm : Interdependence in decision-making

(b) Monopolistic firm : Firm is a price setter

(c) Monopoly firm : Produces an efficient level of output

(d) Perfectly competitive firm : Produces socially optimum output

72. Union Budget 2025 increased the Sectoral cap of FDI to 100 per cent from 74 per cent for :

(a) Telecom Sector

(b) Power Sector

(c) Defence Sector

(d) Insurance Sector

73. The practice of reducing the size of a product while maintaining its sticker price is called :

(a) Shrinkflation

(b) Reflation

(c) Disinflation

(d) Deflation

74. भारत में नवाचार तथा अनुसंधान और विकास के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत के स्थान (रैंक) में वर्ष 2015 और वर्ष 2024 के बीच में महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ है।

2. अनुसंधान और विकास के लिए निधीयन (funding) की व्यवस्था मुख्यतः निजी क्षेत्र की संस्थाओं द्वारा की जाती है और यह फार्मास्यूटिकल्स और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में केंद्रित है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

75. भारतीय उद्यमिता संस्थान (IIE) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. IIE की स्थापना वर्ष 1999 में गुवाहाटी में की गई थी।

2. संस्थान का मुख्य उद्देश्य लघु और सूक्ष्म उद्यमों के लिए प्रशिक्षण, अनुसंधान और परामर्शी गतिविधियाँ प्रदान करना है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

76. केंद्र सरकार के राजस्व खाते पर व्यय और प्रभावी पूँजीगत व्यय के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. GDP की प्रतिशतता के रूप में प्रभावी पूँजीगत व्यय 2020 – 21 की तुलना में 2023 – 24 में बढ़ गया है।

2. GDP की प्रतिशतता के रूप में राजस्व खाते पर व्यय 2020 – 21 की तुलना में 2023 – 24 में बढ़ गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

77. भारत में निर्यात हब के रूप में जिले (DEH) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) अगस्त 2019 में DEH को प्रारंभ किया गया था।
(b) DEH का उद्देश्य देश के केवल चयनित जिलों के निर्यात को बढ़ावा देना है।
(c) भारत की विदेश व्यापार नीति 2023 ने DEH की भूमिका को दोहराया।
(d) DEH का लक्ष्य वित्तीय समावेशन प्रदान करके और संभार-तंत्रीय (logistical) तथा अवसंरचनात्मक सहायता प्रदान करके निर्यात को प्रोत्साहित करना है।

78. टिम टिम तारे (TTT) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. TTT एक अग्रणी पहल है जिसका उद्देश्य संपूर्ण भारत के किशोर छात्रों को आवश्यक जीवन कौशल (life skill) सिखाना है।

2. TTT एक अग्रणी पहल है जिसका उद्देश्य संपूर्ण भारत में छात्रों को व्यावसायिक और तकनीकी कौशल सिखाना है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

74. Consider the following statements about innovation and research and development in India :

1. India's rank in Global Innovation Index reported by World Intellectual Property Organization (WIPO) has improved significantly between 2015 and 2024.
2. Funding of research and development is sourced primarily from private sector entities and is sectorally concentrated in pharmaceuticals and information technology.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

75. Consider the following statements about the Indian Institute of Entrepreneurship (IIE) :

1. The IIE was established in 1999 in Guwahati.
2. The main aim of the institute is to provide training, research and consulting activities for small and micro enterprises.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

76. Consider the following statements about Union Government's Expenditure on revenue account and effective capital expenditure :

1. Effective capital expenditure as percentage of GDP has increased from 2020 – 21 to 2023 – 24.
2. Expenditure on revenue account as percentage of GDP has increased from 2020 – 21 to 2023 – 24.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

77. Which one among the following statements about the Districts as Export Hubs (DEH) in India is ***not*** correct ?

(a) DEH was launched in August 2019.
(b) The aim of DEH is to boost exports of only selected districts of the country.
(c) India's Foreign Trade Policy 2023 reiterated the role of DEH.
(d) DEH aims to promote exports by providing financial inclusion and facilitating logistical and infrastructural support.

78. Which of the following statements about Tim Tim Tare (TTT) is/are correct ?

1. TTT is a pioneering initiative that aims at imparting essential life skills to adolescent students across India.
2. TTT is a pioneering initiative that aims at imparting vocational and technical skills to students across India.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

79. राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन (NSO) द्वारा वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) रिपोर्ट 2023 – 24 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रोज़गार के क्षेत्र में कृषि क्षेत्र की भागीदारी प्रभावी बनी हुई है, जो 2017 – 18 में लगभग 44 प्रतिशत थी, 2023 – 24 में बढ़कर लगभग 46 प्रतिशत हो गई है।

2. वर्ष 2017 – 18 से 2023 – 24 तक की अवधि के दौरान कृषि क्षेत्र में महिला कामगारों की भागीदारी में वृद्धि हुई है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

80. निम्नलिखित में से कौन-सा प्लेटफॉर्म, गर्भवती महिलाओं और 16 वर्ष तक के बच्चों के टीकाकरण रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण के द्वारा भारत के प्रतिरक्षण (immunization) के प्रयासों में एक परिवर्तनकारी कदम सिद्ध हुआ है ?

(a) यू-विन (U-WIN)

(b) पीएम-एबीएचआईएम (PM-ABHIM)

(c) ई-संजीवनी (eSanjeevani)

(d) एफडीएसआई (FDSI)

81. कौन-सी भाषा किसी विशेष प्रोसेसर (संसाधित्र) या प्रोसेसर फैमिली (संसाधित्र श्रेणी) को प्रोग्राम करने के लिए आवश्यक मशीन कोड के प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व का उपयोग करती है ?

(a) मशीन भाषा

(b) असेंबली भाषा

(c) उच्च-स्तरीय भाषा

(d) उपर्युक्त सभी

82. सॉफ्टवेयर पोर्ट्स के उपयोग क्या हैं ?

1. क्लाइंट कंप्यूटर को सर्वर से कनेक्ट करना

2. बाहरी डिवाइसों को कंप्यूटर से कनेक्ट करना

3. ईमेल, फाइल ट्रांसफर जैसी अलग-अलग सेवाओं की पहचान करना

4. कैमरे, स्कैनर जैसे उपसाधनों को कनेक्ट करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2

(b) 1 और 3

(c) 2 और 3

(d) 2 और 4

83. मान लीजिए कि कोई कंप्यूटर 4-बिट कंप्यूटर है, तो 2 के पूरक निरूपण (complement representation) का उपयोग करके 5 में से 3 घटाने पर क्या परिणाम प्राप्त होगा ?

(a) 0101

(b) 10010

(c) 1101

(d) 11001

84. निम्नलिखित में से कौन-सा लॉजिकल ऑपरेटर ***नहीं*** है ?

(a) NOT

(b) OR

(c) AND

(d) Division

**79.** Consider the following statements regarding Annual Periodic Labour Force Survey (PLFS) report 2023 – 24 by the National Statistical Organization (NSO) :

1. The agriculture sector remains dominant in employment, with its share rising from about 44 per cent in 2017 – 18 to about 46 per cent in 2023 – 24.

2. The share of female workers in agriculture has increased during the period 2017 – 18 to 2023 – 24.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**80.** Which one of the following platforms marks a transformative step in India's immunization efforts by digitizing vaccination records for pregnant women and children up to 16 years ?

(a) U-WIN

(b) PM-ABHIM

(c) eSanjeevani

(d) FDSI

**81.** Which language uses the symbolic representation of machine codes needed to program a particular processor or processor family ?

(a) Machine Language

(b) Assembly Language

(c) High-Level Language

(d) All of the above

**82.** What are the uses of software ports ?

1. Connect client computer to server
2. Connect external devices to computer
3. Identify different services like email, file transfer
4. Connecting peripherals like cameras, scanners

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2

(b) 1 and 3

(c) 2 and 3

(d) 2 and 4

**83.** Assuming the computer is a 4-bit computer, what result is produced after subtraction of 3 from 5 using the 2's complement representation ?

(a) 0101

(b) 10010

(c) 1101

(d) 11001

**84.** Which one of the following is ***not*** a logical operator ?

(a) NOT

(b) OR

(c) AND

(d) Division

85. किसी फ़ायरवॉल को तैनात करने के प्रयोजन निम्नलिखित में से कौन-से हैं ?

1. इंटरनेट से आने वाले हर पैकेट की जाँच करना
2. अनधिकृत पहुँच (एक्सेस) को रोकना
3. संदिग्ध गतिविधि को रोकना
4. टेलीफोनों को आपस में जोड़ना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) 1, 3 और 4

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

86. एम्स्टर्डम-सेंट पॉल पठार निम्नलिखित में से किस महासागरीय क्षेत्र में स्थित है ?

(a) आर्कटिक महासागर

(b) उत्तरी अटलांटिक महासागर

(c) दक्षिणी हिंद महासागर

(d) दक्षिणी प्रशांत महासागर

87. निम्नलिखित में से शहर और झील का कौन-सा युग्म सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) बफ़ेलो : ईरी

(b) डेट्रॉयट : सुपीरियर

(c) मिलवॉकी : मिशीगन

(d) टोरंटो : ओंटारियो

88. अक्षांश रेखाओं (lines of latitudes) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. विषुवत् वृत्त (equator) से ध्रुवों (poles) की ओर दो उत्तरोत्तर अक्षांशों (successive latitudes) के बीच की दूरी में कुछ परिवर्तन आता है।
2. यदि अक्षांश समांतरों (parallels of latitude) को एक डिग्री के अंतराल पर खींचते हैं, तो विषुवत् वृत्त (equator) को लेकर इस प्रकार खींचे गए समांतरों की कुल संख्या 179 होगी।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

89. भू-पर्पटी में विद्यमान निम्नलिखित प्रमुख तत्त्वों को भार प्रतिशतता के अनुसार बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. ऐलुमिनियम
2. कैल्सियम
3. सिलिकॉन
4. ऑक्सीजन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 3, 4, 1, 2

(b) 4, 3, 1, 2

(c) 2, 1, 3, 4

(d) 1, 2, 3, 4

85. Which among the following are the purposes of deploying a Firewall ?

1. Examine each packet arriving from Internet
2. Prevent unauthorised access
3. Block suspicious activity
4. Interconnect telephones

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 3 and 4

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

86. Amsterdam-St. Paul Plateau is located in which one of the following oceanic regions ?

(a) Arctic Ocean

(b) North Atlantic Ocean

(c) Southern Indian Ocean

(d) South Pacific Ocean

87. Which one of the following pairs of City and Lake is ***not*** correctly matched ?

(a) Buffalo : Erie

(b) Detroit : Superior

(c) Milwaukee : Michigan

(d) Toronto : Ontario

88. Which of the following statements with reference to lines of latitudes is/are correct ?

1. The distance between two successive latitudes changes slightly from the equator to the poles.
2. If parallels of latitude are drawn at an interval of one degree, the total number of parallels thus drawn, including the equator, will be 179.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

89. Arrange the following major elements present in the Earth's crust, in ascending order, in weight percentage :

1. Aluminium
2. Calcium
3. Silicon
4. Oxygen

Select the answer using the code given below :

(a) 3, 4, 1, 2

(b) 4, 3, 1, 2

(c) 2, 1, 3, 4

(d) 1, 2, 3, 4

**90.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| *सूची-I* *(द्वीप/राष्ट्र)* | *सूची-II* *(टेक्टोनिक प्लेट)* |
|---|---|
| A. कोमोरोस | 1. उत्तरी अमेरिकी प्लेट |
| B. बाफिन द्वीप | 2. अफ्रीकन प्लेट |
| C. श्रीलंका | 3. यूरेशियन प्लेट |
| D. अंडमान द्वीपसमूह | 4. इंडो-ऑस्ट्रेलियन प्लेट |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**91.** रिक्टर पैमाने के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह भूकंप की तीव्रता का पैमाना है।
2. रिक्टर भूकंप के दौरान निकलने वाली ऊर्जा की मात्रा को दर्शाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**92.** हिमनदीय द्रोणी (Glacial trough) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. अल्पाइन हिमनद घाटियों की मिट्टी, आवरण प्रस्तर (रेगोलिथ) और तलछट (अवसाद) को हटाकर हिमनदीय द्रोणी बनाते हैं।
2. जब समुद्र तल (sea level) किसी हिमनदीय द्रोणी के तल से नीचे होता है, तो बर्फाग्र (ice front) के पीछे हटने पर समुद्री जल प्रवेश करता है, जिससे फ्योर्ड (fiord) बनता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**93.** मध्य-अक्षांशीय पर्णपाती वनों (Mid-latitude deciduous forests) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मध्य-अक्षांशीय पर्णपाती वनों में अधिकतर ऐसे वृक्ष होते हैं जो गर्मी के मौसम में अपने पत्ते गिरा देते हैं।
2. मध्य-अक्षांशीय पर्णपाती वन पूर्वी उत्तरी अमेरिका और पश्चिमी यूरोप मूल के हैं।
3. एशिया में, मध्य-अक्षांशीय पर्णपाती वन उत्तर में बोरियल वन और दक्षिण में स्टेपी भूमि के बीच एक मेखला (बेल्ट) के रूप में पाए जाते हैं।
4. बीच, हिकॉरी और अखरोट मध्य-अक्षांशीय पर्णपाती वनों में पाए जाने वाले वृक्षों के सामान्य उदाहरण हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) 1, 2 और 3

(b) 1, 2 और 4

(c) 1, 3 और 4

(d) 2, 3 और 4

**90.** Match List-I with List-II and select the answer using the code given below the Lists :

| *List-I* (*Island/Nation*) | | *List-II* (*Tectonic Plate*) | |
|---|---|---|---|
| A. | Comoros | 1. | North American Plate |
| B. | Baffin Island | 2. | African Plate |
| C. | Sri Lanka | 3. | Eurasian Plate |
| D. | Andaman Islands | 4. | Indo-Australian Plate |

**Code :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**91.** Which of the following statements with reference to Richter scale is/are correct ?

1. It is the intensity scale of an earthquake.
2. Richter indicates the amount of energy released during the earthquake.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**92.** Which of the following statements with reference to Glacial trough is/are correct ?

1. Alpine glaciers strip valleys of their soil, regolith and sediment to form glacial troughs.
2. When the sea level is below the floor of a glacial trough, the seawater enters as the ice front recedes, creating a fiord.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**93.** Consider the following statements with reference to Mid-latitude deciduous forests :

1. Mid-latitude deciduous forests consist largely of trees that drop their leaves during the summer season.
2. Mid-latitude deciduous forests are native to eastern North America and Western Europe.
3. In Asia, the Mid-latitude deciduous forests occur as a belt between the boreal forest to the north and steppe lands to the south.
4. Beech, Hickory and Walnut are common examples of trees found in Mid-latitude deciduous forests.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 1, 2 and 4

(c) 1, 3 and 4

(d) 2, 3 and 4

**94.** वायुमंडल में विद्यमान निम्नलिखित चिरस्थायी गैसों को आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. हीलियम
2. हाइड्रोजन
3. निऑन
4. जीनॉन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 3, 1, 2, 4

(b) 3, 1, 4, 2

(c) 2, 4, 1, 3

(d) 2, 4, 3, 1

**95.** भूमंडलीय पवनों (planetary winds) का पैटर्न मुख्यतः निम्नलिखित में से किस कारक/किन कारकों पर निर्भर करता है ?

1. वायुमंडलीय तापन में अक्षांशीय भिन्नता (latitudinal variation)
2. महाद्वीपों और महासागरों का वितरण
3. पृथ्वी का घूर्णन

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**96.** वायुमंडल में जल वाष्प के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. हवा में स्थिरता और अस्थिरता में इसकी भूमिका होती है।
2. यह एक कंबल की तरह कार्य करता है जिससे पृथ्वी न तो बहुत ठंडी होती है और न ही बहुत गर्म।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**97.** विश्व जलवायु प्रकार और उनकी विशेषताओं के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *(जलवायु)* | | *(विशेषताएँ)* |
|---|---|---|---|
| I. | उष्णकटिबंधीय आर्द्र और शुष्क | : | जाड़े की शुष्क ऋतु |
| II. | मध्य-अक्षांशीय स्टेपी | : | मध्य-अक्षांशीय अर्ध-शुष्क या शुष्क |
| III. | आर्द्र उपोष्णकटिबंधीय | : | कोई शुष्क ऋतु नहीं, उष्ण ग्रीष्म |
| IV. | समुद्री पश्चिम तटीय | : | कोई शुष्क ऋतु नहीं, अत्यधिक शीतल ग्रीष्म |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित है/हैं ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

**94.** Arrange the following permanent gases present in the atmosphere in ascending order :

1. Helium
2. Hydrogen
3. Neon
4. Xenon

Select the answer using the code given below :

(a) 3, 1, 2, 4

(b) 3, 1, 4, 2

(c) 2, 4, 1, 3

(d) 2, 4, 3, 1

**95.** The pattern of planetary winds largely depends upon which of the following factors ?

1. Latitudinal variation of atmospheric heating
2. The distribution of continents and oceans
3. The rotation of earth

Which of the above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**96.** Which of the following statements with reference to Water Vapour in the atmosphere is/are correct ?

1. It has a role to play in the stability and instability in the air.
2. It acts like a blanket allowing the earth to neither become too cold nor too hot.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**97.** Consider the following pairs with reference to world climate types and their characteristics :

| | *(Climate)* | | *(Characteristic)* |
|---|---|---|---|
| I. | Tropical wet and dry | : | Winter dry season |
| II. | Mid-latitude steppe | : | Mid-latitude semi-arid or dry |
| III. | Humid sub-tropical | : | No dry season, warm summer |
| IV. | Marine west coast | : | No dry season, severely cold summer |

How many of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

98. नीचे दी गई विशेषताओं के आधार पर जलवायु प्रकार की पहचान कीजिए :

1. वार्षिक वर्षा कम होती है और जो लगभग 15 cm होती है।

2. जाड़ों में प्रतिचक्रवात का स्पष्ट विकास तथा ग्रीष्मऋतु में इसका कमजोर पड़ना इस क्षेत्र में पवनों के प्रत्यावर्तन की मानसून जैसी दशाएँ उत्पन्न करते हैं।

3. ध्रुवों की ओर, गर्मियों में तापमान कम होते हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से उत्तर चुनिए :

(a) उपोष्णकटिबंधीय स्टेपी

(b) आर्द्र उपोष्णकटिबंधीय जलवायु

(c) शुष्क जाड़ों से युक्त ठंडी जलवायु

(d) टुंड्रा जलवायु

99. भारत में सूती वस्त्र उद्योग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सूती वस्त्र उद्योग, समय के साथ, गुजरात और महाराष्ट्र से परे देश के अन्य भागों में फैल गया है।

2. कच्चा कपास भार में कमी होने वाला एक कच्चा माल नहीं है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

100. मध्य प्रदेश का इंदौर नगर निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में स्थित है ?

(a) बुंदेलखण्ड

(b) महाकौशल (महाकोशल)

(c) मालवा का पठार

(d) निमाड़ क्षेत्र

101. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में निम्नलिखित में से किस श्रेणी के शहरों में शहरी जनसंख्या का प्रतिशत सबसे अधिक है ?

(a) श्रेणी II

(b) श्रेणी III

(c) श्रेणी IV

(d) श्रेणी VI

102. स्वर्णिम चतुर्भुज राजमार्ग निम्नलिखित में से किन नगरों से होकर ***नहीं*** गुज़रता है ?

1. भुवनेश्वर

2. जयपुर

3. लखनऊ

4. इंदौर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2

(b) 1 और 3

(c) 2 और 3

(d) 3 और 4

98. Identify the climate type based on the given below characteristics :

1. The annual precipitation is low and is around 15 cm.
2. The development of pronounced winter anticyclones and their weakening in summer sets in monsoon-like reversal of wind in this region.
3. Polewards, summer temperatures are low.

Select the answer from the options given below :

(a) Subtropical steppe
(b) Humid sub-tropical climate
(c) Cold climate with dry winters
(d) Tundra climate

99. Consider the following statements with reference to the Cotton textile industry in India :

1. Cotton textile industry has, over time, spread to other parts of the country, beyond Gujarat and Maharashtra.
2. Raw cotton is not a weight-losing raw material.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

100. Indore city in Madhya Pradesh is situated in which one of the following regions ?

(a) Bundelkhand
(b) Mahakoshal
(c) Malwa Plateau
(d) Nimar Region

101. Which among the following Classes of Towns in India holds the highest percentage of Urban Population as per the Census 2011 ?

(a) Class II
(b) Class III
(c) Class IV
(d) Class VI

102. The Golden Quadrilateral Highway does ***not*** pass through which of the following cities ?

1. Bhubaneshwar
2. Jaipur
3. Lucknow
4. Indore

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2
(b) 1 and 3
(c) 2 and 3
(d) 3 and 4

103. भारत में प्रमुख पत्तनों की स्थिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. दीनदयाल पत्तन खंभात की खाड़ी के मुहाने पर स्थित है।
2. कोचीन पत्तन, वेंबनाड कायाल के मुहाने पर स्थित है।
3. मोर्मुगाओ पत्तन, ज़ुआरी नदमुख के प्रवेश-मार्ग पर स्थित है।
4. पारादीप पत्तन गोदावरी डेल्टा में स्थित है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) 1 और 2
(b) 1 और 3
(c) 2 और 3
(d) 3 और 4

104. निम्नलिखित में से कौन-सी, एक वायुमंडलीय प्राकृतिक आपदा ***नहीं*** है ?

(a) सूखा
(b) ओलावृष्टि
(c) पाला
(d) हिमस्खलन (ऐवेलांश)

105. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (NIDM) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. वर्ष 2006 में इसका गठन किया गया था।
2. आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अधीन, संस्थान को आपदा प्रबंधन के संदर्भ में राष्ट्रीय स्तर पर नीति निर्माण में सहायता करने का कार्य सौंपा गया है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

106. 'नीलगिरि', 'सूरत' और 'वाघशीर' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) ये गुजरात राज्य में स्थित बाघ अभयारण्य (टाइगर रिज़र्व) हैं।
(b) ये भारतीय नौसेना द्वारा जलावतरण (कमीशन) किए गए युद्धपोत (combatants) हैं।
(c) ये भारतीय सेना द्वारा रख-रखाव किए जाने वाले जैव-विविधता उद्यान (Biodiversity parks) हैं।
(d) ये भारतीय नौसेना द्वारा रख-रखाव किए जाने वाले बाघ अभयारण्य हैं।

107. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन-से सर्वेक्षण संचालित किए जाते हैं ?

1. सामाजिक उपभोग सर्वेक्षण – स्वास्थ्य
2. व्यापक मॉड्यूलर सर्वेक्षण – दूरसंचार तथा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (ICT) कौशल
3. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण
4. अनिगमित उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2, 3 और 4
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 3 और 4
(d) केवल 1 और 2

**103.** Consider the following statements with reference to location of Major Ports in India :

1. Deendayal Port is situated at the head of Gulf of Khambhat.
2. Cochin Port is situated at the head of Vembanad Kayal.
3. Mormugao Port is situated at the entrance of the Zuari estuary.
4. Paradip Port is situated in the Godavari delta.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2
(b) 1 and 3
(c) 2 and 3
(d) 3 and 4

**104.** Which one among the following is ***not*** an atmospheric natural disaster ?

(a) Drought
(b) Hailstorm
(c) Frost
(d) Avalanche

**105.** Which of the following statements with reference to National Institute of Disaster Management (NIDM) is/are correct ?

1. It was constituted in the year 2006.
2. Under the Disaster Management Act, 2005, the Institute has been entrusted to assist in national level policy formulation with reference to Disaster Management.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**106.** Which one of the following statements about 'Nilgiri', 'Surat' and 'Vaghsheer' is correct ?

(a) These are Tiger Reserves in the state of Gujarat.
(b) These are combatants commissioned by the Indian Navy.
(c) These are Biodiversity parks maintained by the Indian Army.
(d) These are Tiger Reserves maintained by the Indian Navy.

**107.** Which of the following surveys are being conducted by the Ministry of Statistics and Programme Implementation, Government of India ?

1. Survey on Social Consumption – Health
2. Comprehensive Modular Survey – Telecom and ICT skills
3. Periodic Labour Force Survey
4. Annual Survey on Unincorporated Enterprises

Select the answer using the code given below :

(a) 1, 2, 3 and 4
(b) 1, 2 and 3 only
(c) 3 and 4 only
(d) 1 and 2 only

**108.** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. भारत सरकार ने प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना को बंद कर दिया है।
2. भारत सरकार ने पुनर्गठित मौसम आधारित फ़सल बीमा योजना को जारी रखने का अनुमोदन दिया है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**109.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| *सूची-I (संगठन)* | | *सूची-II (गठन का वर्ष)* |
|---|---|---|
| A. यूरोपीय संघ | 1. | 1994 |
| B. एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) | 2. | 1967 |
| C. एसोसिएशन ऑफ साउथ-ईस्ट एशियन नेशन्स (ASEAN) | 3. | 1989 |
| D. अमेरिका के मुक्त व्यापार क्षेत्र (FTAA) | 4. | 1993 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**110.** *'द आर्ट ऑफ वार'* नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(a) निकोलो मैकियावेली

(b) थ्यूसीडाइड्स

(c) थॉमस हॉब्स

(d) जे.एस. मिल

**111.** भारत द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा सैन्य अभियान संचालित ***नहीं*** किया गया ?

(a) ऑपरेशन एब्लेज़

(b) ऑपरेशन स्पाइडर्स वेब

(c) ऑपरेशन ट्राइडेंट

(d) ऑपरेशन बंदर

**112.** पनडुब्बी-रोधी युद्धक उथले जल पोत 'अर्नाला' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. इसे भारत में स्वदेशी रूप से डिज़ाइन किया गया है।
2. इसका नाम महाराष्ट्र में स्थित ऐतिहासिक किला अर्नाला के नाम पर रखा गया है।
3. इसे जीआरएसई ने मेसर्स एलएंडटी शिपयार्ड के साथ सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) के अंतर्गत निर्मित किया है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**108.** Which of the following statements is/are correct ?

1. The Government of India has discontinued the Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana.
2. The Government of India has approved the continuation of Restructured Weather Based Crop Insurance Scheme.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**109.** Match List-I with List-II and select the answer using the code given below the Lists :

| | *List-I (Organization)* | | *List-II (Year of Formation)* |
|---|---|---|---|
| A. | European Union | 1. | 1994 |
| B. | Asia-Pacific Economic Cooperation (APEC) | 2. | 1967 |
| C. | Association of Southeast Asian Nations (ASEAN) | 3. | 1989 |
| D. | Free Trade Area of the Americas (FTAA) | 4. | 1993 |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**110.** The book *'The Art of War'* was written by :

(a) Niccolo Machiavelli

(b) Thucydides

(c) Thomas Hobbes

(d) J.S. Mill

**111.** Which one of the following military operations was ***not*** undertaken by India ?

(a) Operation Ablaze

(b) Operation Spider's Web

(c) Operation Trident

(d) Operation Bandar

**112.** Which of the following statements are correct about 'Arnala', an Anti-Submarine Warfare Shallow Water Craft ?

1. It is indigeneouly designed in India.
2. It is named after the historic Arnala fort located in Maharashtra.
3. It has been built under a Public-Private Partnership (PPP) of GRSE with M/s L&T Shipyard.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

113. पोप फ्रांसिस की मृत्यु के बाद रॉबर्ट प्रीवोस्ट कैथोलिक पोप बने। उनके बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. अब वे लिओ XV के नाम से जाने जाएँगे।
2. वे 271वें कैथोलिक पोप बने।
3. वे संयुक्त राज्य अमेरिका और पेरू के दोहरे नागरिक हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) केवल 1

(d) केवल 3

114. चिनाब नदी पर बने बाँधों (Dams) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. सलाल बाँध, आलाल बाँध और बगलिहार बाँध चिनाब नदी पर बने हैं।
2. बगलिहार बाँध की ऊँचाई सलाल बाँध से अधिक है।
3. सलाल बाँध का प्रचालन जम्मू एंड कश्मीर पावर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन तथा बगलिहार बाँध का प्रचालन एनएचपीसी (NHPC) लिमिटेड द्वारा किया जाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) केवल 2

(d) केवल 3

115. हाल ही में समाचार में रहे 'अलकाट्राज़ (Alcatraz)' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह कभी अमेरिका के अलकाट्राज़ द्वीप में एक रक्षा किला था।
2. यह कभी अमेरिका के अलकाट्राज़ द्वीप पर एक कारागार था।
3. इसे कभी 'इंडियन्स ऑफ ऑल ट्राइब्स' के नाम से प्रख्यात आदिवासी (native) अमरीकी छात्रों के एक समूह द्वारा अधिकार में ले लिया गया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 1

116. भारत के सैन्य आयुधागार (military arsenal) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. हैमर (HAMMER) एक शस्त्र प्रणाली है जिसे राफेल युद्धक विमान के लिए निर्मित किया गया है।
2. स्कैल्प (SCALP) क्रूज मिसाइल को स्टोर्म शैडो (Storm Shadow) के नाम से भी जाना जाता है।
3. ब्रह्मोस (BrahMos) मिसाइलें भारत और रूस के मध्य एक संयुक्त उद्यम के अंतर्गत निर्मित की जाती हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 3

113. Robert Prevost became the Catholic Pope after the death of Pope Francis. Which of the following statements is/are correct about him ?

1. He will now be known as Leo XV.
2. He became the 271st Catholic Pope.
3. He is a dual citizen of the United States of America and Peru.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2
(b) 2 and 3
(c) 1 only
(d) 3 only

114. Which of the statements about the dams on the Chenab river is/are correct ?

1. Salal dam, Aalal dam and Baglihar dams are on the Chenab river.
2. Baglihar dam has a greater height than Salal dam.
3. Salal dam is operated by Jammu and Kashmir Power Development Corporation and Baglihar dam is operated by NHPC Limited.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2
(b) 2 and 3
(c) 2 only
(d) 3 only

115. Which of the following statements about 'Alcatraz', which was recently in news, is/are correct ?

1. It was once a defence fort on Alcatraz island of America.
2. It was once a prison on Alcatraz island of America.
3. It was once occupied by a group of native American students, known as 'Indians of all tribes'.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 1 only

116. Which of the following statements about India's military arsenal is/are correct ?

1. HAMMER is a weapon system built for the Rafale fighter aircraft.
2. SCALP cruise missile is also known as Storm Shadow.
3. BrahMos missiles are built under a joint venture between India and Russia.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 3 only

**117.** हाल ही में, ICAR (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्) ने विश्व की पहली जीनोम-संपादित चावल की किस्में विकसित की हैं। इन विकसित किए गए उत्पादों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. जीनोम-संपादित किस्में – DRR चावल 100 (कमला) और पूसा DST चावल 1 का विकास ICAR-IARI, नई दिल्ली द्वारा किया गया है।
2.. DRR चावल 100 (कमला), सांबा महसूरी पर आधारित है, जो कम समयावधि में तैयार हो जाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**118.** निम्नलिखित में से कौन-सी, वित्तीय चक्र में विद्यमान किसी अर्थव्यवस्था का आकलन/मूल्यांकन करने के लिए एक अच्छी सांख्यिकी है ?

(a) कर/GDP अनुपात

(b) राजकोषीय घाटा/GDP अनुपात

(c) घरेलू खपत/GDP अनुपात

(d) क्रेडिट/GDP अनुपात

**119.** भारत सरकार के पहल और उनके उद्देश्यों के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/कौन-से युग्म सही सुमेलित है/हैं ?

1. वैश्विक क्षमता केंद्र (GCC) : कॉर्पोरेट परिदृश्य को नया आकार देना
2. यू-विन पोर्टल (U-WIN Portal) : सभी राज्यों में व्यापार को सुगम बनाना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**120.** सामाजिक गतिशीलता और संस्था विकास (Social Mobilisation and Institution Development (SM&ID)) निम्नलिखित में से किसके प्रमुख घटकों में से एक है ?

(a) दीनदयाल अंत्योदय योजना

(b) राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन

(c) अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन

(d) राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान

117. Recently, ICAR (Indian Council of Agricultural Research) has developed the world's first genome-edited rice varieties. Which of the following statements is/are correct with respect to the developed products ?

1. The genome-edited varieties – DRR Rice 100 (Kamla) and Pusa DST Rice 1 have been developed by ICAR-IARI, New Delhi.
2. DRR Rice 100 (Kamla), based on Samba Mahsuri, has a shorter duration of maturity.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

118. Which one of the following is a good statistic to evaluate where an economy stands in the financial cycle ?

(a) Tax/GDP Ratio
(b) Fiscal Deficit/GDP Ratio
(c) Household Consumption/GDP Ratio
(d) Credit/GDP Ratio

119. Which of the following pairs of initiatives of the Government of India and their objectives is/are correctly matched ?

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Global Capability Centre (GCC) | : Reshaping corporate landscape |
| 2. | U-WIN Portal | : Ease of doing business across states |

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

120. Social Mobilisation and Institution Development (SM&ID) is one of the major components of :

(a) Deen Dayal Antyodaya Yojana
(b) National Urban Digital Mission
(c) Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation
(d) Rashtriya Gram Swaraj Abhiyan

कच्चे काम के लिए जगह

**SPACE FOR ROUGH WORK**

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

# कच्चे काम के लिए जगह
# SPACE FOR ROUGH WORK

**T.B.C. : ANFB-S-GKL**

**Test Booklet Series**

1155521

# TEST BOOKLET

# GENERAL KNOWLEDGE

# A

***Time Allowed : Two Hours*** ***Maximum Marks : 100***

## INSTRUCTIONS

1. **IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET DOES *NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.**
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    **THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.**
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO***

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर छपा है ।